पटनाः केमिकल मिलाकर केरोसिन से बना रहे थे नकली डीजल, पुलिस पहुंची तो इधर-उधर भागने लगे आरोपी

Bihar News: पटना के बिहटा में केरोसिन (kerosene) और नकली डीजल (fake diesel) बनाने के अड्डे पर एसडीएम प्रदीप कुमार ने बड़ी कार्रवाई की. इस दौरान भारी मात्रा में केरोसिन जब्त किया गया. टीम को मौके से पांच टैंकर, लगभग 13 केरोसिन से भरी टंकी और केमिकल मिला है. पुलिस ने इस दौरान दो लोगों को हिरासत में भी लिया है. पुलिस को देख कुछ लोग मौके से भाग निकले.

Source: https://www.aajtak.in/bihar/story/patna-fake-diesel-being-made-from-kerosene-by-mixing-chemicals-police-raid-accused-running-lcla-1890614-2024-03-02